# <u>बीएचईएल में संचार पखवाड़े का आयोजन</u>




---

नई दिल्ली, 9 अप्रैल: भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने 'अभिवाक्ति' नामक अपना पहला संचार पखवाड़ा आयोजित किया। इसका उद्घाटन डॉ. नलिन सिंघल, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बीएचईएल ने वर्च्युयल प्लेटफॉर्म (आभासी मंच) के माध्यम से किया। यह कार्यक्रम देश भर की सभी इकाइयों में आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य सभी कर्मचारियों को आपस में जोड़ने के लिए संचार में सुधार करना है।

डॉ. सिंघल ने अखिल बीएचईएल कर्मचारियों को संबोधित करते हुए, कर्मचारियों के बीच विश्वास, आत्मविश्वास और प्रतिबद्धता को विकसित करने हेतु समयानुकूल, उचित और सम्पूर्ण संचार की भूमिका पर बल दिया और इसके लिए द्विपक्षीय (टू-वे) प्रयास करने की आवश्यकता बतायी। हमें अपने इस प्रयास को इस पखवाड़े से आगे भी निरंतर बनाए रखने की आवश्यकता है। संगठन में संचार को अत्याधिक प्रभावी और निर्बाध बनाने के अभियान की नींव इस कार्यक्रम में रखनी चाहिए, ताकि हम सभी को अपनी भूमिकाओं और उद्देश्यों के बारे में पूरी स्पष्टता हो। उन्होंने यह भी कहा कि - "हम जानते हैं कि हमें क्या प्राप्त करना है तथा हम अपने उद्देश्यों और लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सुनियोजित कदम बढ़ा रहे हैं"।

इस पखवाड़े के अंतर्गत कंपनी में विभिन्न प्रतियोगिताओं और ज्ञान साझा करने वाले कार्यक्रमों के आयोजन के अतिरिक्त कर्मचारियों और प्रबंधन, फ़ंक्शन प्रमुखों, पेशेवरों और डोमेन विशेषज्ञों की चर्चा तथा परस्पर संवादात्मक सत्र शामिल हैं।

---